## एस.डी.ओ. को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी।** वजीरपुर उपखण्ड के बडौली-खेडला गांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी के नाम एडीएम को ज्ञापन देकर गांव में चंबल का पानी मुहैया कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने गांव में 4 स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ लगाने की भी मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बडौली-खेडला गांव में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। कुंओं और हैंडपंप का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है और अधिकांश कुंओं में तो पानी सूख गया है। साथ ही तालाब, पोखर भी सूख गए हैं। इसके कारण ग्रामीणों के अलावा पशुओं को भी पानी की समस्या झेलनी पड रही है। गर्मी के कारण लोग पहले ही बेहाल हैं। ऐसे में इस मौसम में पानी की खपत भी अधिक होती है, जबकि जलस्त्रोतों में पानी की व्यवस्था ही नहीं है। इसके कारण महिलाओं को गांव से दूर पानी लेने जाना पड रहा है। उन्होंने गांव में 4 स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ लगाने और चंबल परियोजना से जल उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बडौली-खेडला गांव में 2 सार्वजनिक टंकी बनी हुई हैं।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से डेढ़ दर्जन महिला पुरुष व बालक हुए घायल

- **लेदौर गांव के करीब डेड दर्जन महिला पुरुष व बालक ट्रैक्टर ट्राली से बैठकर रामपुर फतेहपुर की घाटी होकर खोरा गांव मे एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने जा रहे थ।**

**करौली( नि.स. )।** करौली मासलपुर के निकटवर्ती लेदौर गांव के करीब डेड दर्जन महिला पुरुष व बालक ट्रैक्टर ट्राली से बैठकर रामपुर फतेहपुर की घाटी होकर खोरा गांव मे एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने जा रहे थे। अकस्मात ही ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर ट्राली रामपुर फतेहपुर की घाटी में से करीब 100 फीट नीचे जा गिरी सभी महिला पुरुष व बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को करौली के सामान्य चिकित्सालय में लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया जहां गंभीर रूप से घायल शिमला पत्नी विश्राम 25 वर्ष, विकास पुत्र मुकेश 12 वर्ष की गंभीर हालत होने पर ड्यूटी चिकित्सक ने जयपुर एसएमएस के लिए रैफर किया।

जानकारी के अनुसार सीमा पत्नी सुखी 40 वर्ष, रचना पुत्री सुखीराम 40 वर्ष, डालो पत्नी महेंद्र सिंह 25 वर्ष, हेमा पत्नी राजू 35 वर्ष, रेवती पुत्र शक्ति 12 वर्ष, काजल पुत्री मुकेश 14 वर्ष, दिलसुख पुत्री हरण 15 वर्ष, चंदा पत्नी राम खिलाड़ी 40 वर्ष, कान्हा पुत्र विश्राम 5 वर्ष, विकास पुत्र मुकेश 12 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको निजी वाहनों से उपचार के लिए करौली जिला मुख्यालय स्थित सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां ड्यूटी चिकित्सक ने भरती कर उपचार जारी किया और गंभीर रूप से घायल दो जनों को जयपुर एसएमएस के लिए रैफर किया इनके अलावा करीब आधा दर्जन महिला पुरुष चुटेल हुए जिनको प्राथमिक उपचार दिया। देखने लायक यह रहा की वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए महिला पुरुष और बालकों की देखरेख के लिए इमरजेंसी वार्ड में औरतों के डॉ. नहीं आने पर घायलों के परिजनों ने नाराजगी जाहिर करते हुए क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को मोबाइल पर सूचना दी लेकिन क्षेत्रीय विधायक या मौजूद नहीं होने से उनके पुत्र विश्वेंद्र सिंह अस्पताल पहुंचें। जहां उन्होंने घायलो के हाल जानते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी से मोबाइल पर वार्ता करते हुए कहा कि यहां पर वाहन दुर्घटना ग्रस्त लोग उपचार के लिए भर्ती हुए हैं और एक भी डॉ. औंर्थो का नहीं आया उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के साथ कार्य से तुरंत प्रभाव से औंर्थो का डॉ. भेज कर घायलों को अच्छे उपचार के लिए कहा गया।

## जिला टेबल टेनिस संघ की कार्यकारिणी गठित

**हिंडौन सिटी ।** जिला टेबिल टेनिस संघ की साधारण सभा की बैठक निर्मल महाविद्यालय हिण्डौन में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्व सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। जारी प्रेस विज्ञिप्त के अनुसार जिला टेबल टेनिस की कार्यकारिणी का चुनाव करने के लिए शहर के बयाना रोड स्थित निर्मल महाविद्यालय परिसर में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई । जिसमें प्रशांत चौधरी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया तो वहीं कैलाश चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह बेनीवाल, लोकेश चौधरी और कमलेश बेनीवाल को उपाध्यक्ष, देशराज बेनीवाल को सचिव एवं रवि चौधरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव हेतु राजस्थान टेबिल टेनिस संघ की तरफ से पर्यवेक्षक के रूप में नागौर से मनीष सैनी एवं सद्दाम तकनीकी सलाहकार उपस्थित रहे। इस दौरान जुगल किशोर कीड़ा परिषद करौली एवं आशिफ खान , जिला ओलम्पिक करौली की तरफ से बतौर प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मेडिकल कैंप में पुलिस कर्मियों का किया हेल्थ चेकअप

**धौलपुर।** चुनाव खत्म होने के बाद धौलपुर जिले में 11 से 13 जून तक राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। 3 दिन तक चलने वाले पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरुआत सोमवार को मेडिकल कैंप से हुई। धौलपुर की आरएसी में पुलिस और आरएसी के जवानों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप को लेकर आरएसी के डिप्टी कमांडेंट सुरेश सांखला ने बताया कि पुलिसकर्मियों की जांच के लिए डाक्टर परमेश पाठक के नेतृत्व में दिल्ली और धौलपुर के डॉक्टरों की टीम के साथ बोन डेंसिटी, डेंटल, गायनी और आंखों की समस्या के लिए कैंप लगाया गया। मेडिकल कैंप के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे एसपी सुमित मेहरड़ा और जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर विजय सिंह ने बताया कि भाग दौड़ भरी जिंदगी में पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। जिसको देखते हुए तीन दिनों तक अलग-अलग एक्टिविटी का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन मेडिकल कैंप के बाद दूसरे दिन एसएमएस के डॉक्टर दिनेश गौड़ द्वारा फर्स्ट एड और बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी दी जाएगी।

कैंप को लेकर आरएसी के डिप्टी कमांडेंट प्रकाश चंद ने बताया कि फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर एकलव्य यादव के नेतृत्व में दिल्ली से बोन डेंसिटी की जांच के लिए रेडियोलॉजिस्ट जॉनी के नेतृत्व में एक टीम बुलाई गई। जिसने डेढ्ढ सौ से अधिक पुलिसकर्मियों की जांच की। इसके अलावा डॉक्टर टोनी पाठक ने गायनी और डॉक्टर अरुण शर्मा ने आंख की समस्या से पीड़ित पुलिसकर्मियों को उपचार दिया।

## दो आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी** सदर थाना पुलिस ने 4.35 ग्राम अवैध स्मैक सहित आरोपी रणजीत मीना को गिरफ्तार किया है। दूसरी और वजीरपुर थाना पुलिस ने भी 92 अवैध देसी पव्वे के साथ में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसपी सुजीत शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा और पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी पन्नालाल के नेतृत्व में पुलिस थाना सदर गंगापुरसिटी की टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए 2 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरप्तार किया गया।

## आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी ।** मारपीट कर ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना के 5 घंटे में ही किडनैप किए गए युवक को छुडा लिया था। आरोपी करीब 3 महीने से फरार चल रहा था। थानाधिकारी भोजाराम में बताया कि 16 मार्च 2०24 को बहादुर सिंह पुत्र ज्ञान सिंह गुर्जर निवासी रौसी ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई दिनेश गुर्जर के साथ मारपीट की और ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित उसका अपहरण कर लिया। इस संबंध में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर देवेंद्र कुमार उपनिरीक्षक को मामले की जांच सौंपी। अपहृत दिनेश (34) पुत्र ज्ञानसिंह गुर्जर निवासी रौसी को घटना के पांच घटे बाद ही डिटेन कर लिया गया है। साथ ही आरोपियों से छीना गया ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद कर लिया गया।


**नाम संशोधन**

मैं परशुराम डागुर जाति जाट निवासी जटनगला, हिंडौन सिटी,जिला-करौली (राजस्थान) शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैं आर्मी में हवलदार के पद पर कार्यरत हूं मेरा आर्मी नंबर 14827659K है। मेरे आर्मी आर्मी रिकॉर्ड में गलती से पत्नी का नाम ममता देवी और जन्मतिथि 25.12.1983 दर्ज हो गई है। जबकि अन्य दस्तावेज में नाम ममता व जन्मतिथि 05.02.1984 है जो सही है। मैं अपने आर्मी रिकॉर्ड में अपनी पत्नी का सही नाम ममता व जन्मतिथि 05.02.1984 दर्ज करवाना चाहता हूं।


## सांसद ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**हिण्डौन सिटी ।** समीप के गांव हुक्मीखेड़ा में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण राजस्थान सरकार के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री, करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने किया। इसके बाद सरकारी डाक बंगले में कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमे क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। डॉ अंबेडकर की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद भजनलाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें डॉ आंबेडकर अंबेडकर के आदर्शों पर चलना चाहिए जिन्होंने देश के लोकतंत्र को आधार स्तंभ दिया इस दौरान उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने समाज सुधार अवैकृति निवारण जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की आयोजित कार्यक्रम के बाद सांसद ने शहर के करौली रोड स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी की बैठक ली जिसमें विधायक अनीता जाटव, जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा, नरेश गुर्जर, कांग्रेस नेता रामचरण खुरसटपुरा, नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव, सुवालाल ठेकेदार आदि स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जेल प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप, दोषियों पर कार्रवाई मांग

**गंगापुर सिटी ।** जिला मुख्यालय पर जेल में बंद एक कैदी की सोमवार सुबह अचानक तबीयत बिगड गई। जेल प्रशासन बंदी को जिला अस्पताल गंगापुर सिटी लेकर पहुंचा, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद परिजन भी सरकारी हॉस्पिटल पहुंच गए।

परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जेल पर पथराव कर दिया। साथ ही नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। हॉस्पिटल में भी परिजन विभिन्न मांगों को लेकर अड गए और पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। फिलहाल प्रशासन के द्वारा समझाइस कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने पर राजी हुए। जानकारी के अनुसार सोनू बैरवा (22) पुत्र श्रीकिशन बैरवा निवासी रुंडी का पूरा कुडगांव बामनवास एक मामले में जेल में बंद था। सोनू पर 376 का मामला दर्ज था और 12 अप्रैल 2०24 से यहां जेल में बंद था। 4 जून को शाम के समय सोनू बैरवा ने जेल प्रशासन से तबीयत खराब होने की बात कही थी। सोनू ने बताया कि उसकी रीड की हड्डी और पीठ में दर्द है। इस पर जेल प्रशासन के द्वारा 5 जून को सोनू को गवर्नमेंट हॉस्पिटल गंगापुर सिटी में इलाज के लिए ले जाया गया।

जहां अस्पताल में सोनू का एक्स रे कराया गया। साथ ही अन्य जांच करवाकर दवा दिलाई गई। इसके बाद में 6 जून को एक बार फिर सोनू बैरवा को जिला अस्पताल में लाया गया और जांच करवा कर दवा दिलाई गई। 7 जून को सोनू ने कुछ आराम बताया था, लेकिन पूरी तरह से आराम नहीं होने की बात कही थी। इसके बाद 8 जून को सोनू को एक बार फिर गवर्नमेंट हॉस्पिटल में ले जाकर जांच कराई गई और दवा दिलाई गई, लेकिन 9 जून को भी जब सोनू को आराम नहीं आया तो स्थानीय प्रशासन और जेल डॉक्टर के द्वारा सोनू को जयपुर भेजने का निर्णय लिया गया। सोनू को इलाज के लिए जयपुर एसएमएस 1० जून को सुबह ले जाया जाना था। सोमवार सुबह करीब 5.25 पर जेलर सुखबीर सिंह और जेल स्टाफ ने बैरक खोलकर जांच की तो बैरक नंबर तीन में बंद सोनू ने जेल प्रशासन को तबीयत में सुधार नहीं होने की बात कही। इसके बाद जेल प्रशासन के द्वारा तत्काल सोनू को सरकारी अस्पताल लाया गया, लेकिन यहां कुछ ही देर बाद में डॉक्टर ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को गवर्नमेंट हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

वहीं, प्रशासन के द्वारा सोनू के परिजनों को सूचना दी गई। कुछ ही देर में सोनू के परिजन भी जेल पहुंच गए, लेकिन यहां सोनू की मौत की खबर सुनकर परिजनों में आक्रोश हो गया। बाद में परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और सोनू की मौत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों का कहना था कि जेल प्रशासन के द्वारा उन्हें एक बार भी सूचना नहीं दी गई कि सोनू की तबीयत खराब है। इतना ही नहीं सोनू को झूठा आरोप लगाकर जेल भिजवाया गया है। इस दौरान परिजनों ने मृतक का पोस्टमॉर्टम करने से इनकार कर दिया कि जब तक जेल प्रशासन के दोषी अधिकारियों को निलंबित नहीं किया जाएगा

## जेईई एडवांस्ड निर्मल के मेधावियों का फिर दबदबा

**हिंडौन सिटी।** एनटीए की ओर से रविवार को घोषित किए गए जेईई एडवांस्ड के परिणाम में निर्मल आईआईटी एंड मेडिकल एकेडमी के मेधावी विद्यार्थियों का दबदबा रहा है। निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी हुआवेई प्रधानाचार्य किंदूरी सिंह ने ने जानकारी देते हो बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित किए गए जेईई एडवांस्ड के परीक्षा परिणाम में निर्मल आईआईटी एंड मेडिकल अकादमी के मेधावी विद्यार्थी विपांशु मंगल ने ऑल इंडिया 2511 में रैंक हासिल करके संस्थान ही नहीं माता-पिता एवं पूरे जिले का नाम रोशन किया है। साथ ही जानकारी देते हुए बताया की मेधावी विपांशु ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, कठिन परिश्रम, गुरुजनों का मार्गदर्शन और माता-पिता को दिया है ।

इस रैंक के आधार पर विपांशु को देश के सर्वश्रेष्ठ आईआईटी कॉलेज में प्रवेश मिलेगा । इसी तरह निर्मल आईआईटी एंड मेडिकल अकादमी के ही छात्र हिमांशु सिंघल ने 5066 वीं रैंक व तनिष्क मित्तल ने 6787 वीं रैंक हासिल की है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांक: 423-429 दिनांक: 10.6.2024

**निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क/भवन/सुरक्षा दीवार कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजकि निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदको जो कि राज्य सरकार के "एए", 'ए', 'बी', 'सी', 'डी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बधित विवरण बेव साईट "www.diproline.org, "http://www.pwd.rajasthan.gov.in/" पर देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | सड़क/भवन |
| निविदा की कुल लागत (लाख रू. में) | : | रू. 21.87 लाख |
| बयाना राशि | : | अनुमानित लागत की दो प्रतिशत |
| फार्म मिलने की तारीख | : | दिनांक 10.06.2024 से 11.06.2024 अपरान्ह 6.00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | : | 12.06.2024 अपरान्ह 11.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | : | 12.06.2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक |

UBN No.

1 UBN No. PWD2425WSRC00411
2 UBN No. PWD2425WSRC00412
3 UBN No. PWD2425WSRC00413
4 UBN No. PWD2425WSRC00414
5 UBN No. PWD2425WSRC00415

(के.के.मीना)
अधिशाषी अभियता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम



